

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी


**अनमोल वचन**

*हर छोटा बदलाव बड़ी कामयाबी का हिस्सा होता है*
*जो रातों को कोशिशों में गंवा देते हैं,*
*वहीं सपनों की चिंगारी को और हवा देते हैं*


मंगलवार 21 अप्रैल 2026 बर्ष 02 अंक 108 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


# भारत की सभ्यतागत विरासत आत्मविश्वास और गरिमा के साथ अंतरराष्ट्रीय संबंधों को दे रहा आकार – के नंदिनी सिंगला

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** भारत की सभ्यतागत विरासत आत्मविश्वास और गरिमा के साथ अंतरराष्ट्रीय संबंधों को आकार दे रहा है। भारत में वसुधैव कुटुंबकम की परंपरा रही है। भारत की संस्कृति विशाल रही है। ये बातें भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) की महानिदेशक के नंदिनी सिंगला ने नालंदा विश्वविद्यालय में सोमवार को सांस्कृतिक सम्बन्ध विषय पर विशेष व्याख्यान में कहीं। उन्होंने जोसेफ न्ये की श्सॉफ्ट पावरश की अवधारणा का उल्लेख करते हुए, बिना किसी विजय अभियान के विचारों, मूल्यों और ज्ञान प्रणालियों को साझा करने की भारत की दीर्घकालिक परंपरा पर जोर दिया। शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व जैसे मौलिक सिद्धांतों पर बल देते हुए उन्होंने भाषाओं, कला, संगीत, नृत्य और सिनेमा में भारत की विशाल सांस्कृतिक समृद्धि के साथ–साथ वैक्सीन मैत्री, विकास साझेदारी, छात्रवृत्ति और मानवीय सहायता जैसी पहल के माध्यम से भारत के समकालीन वैश्विक योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने मानवाधिकारों महिला सशक्तिकरण और सतत विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के साथ–साथ भारतीय ज्ञान में रचे–बसे योग, ध्यान और सचेत जीवन (माइंडफुलनेस) की बढ़ती वैश्विक गूंज का भी उल्लेख किया। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने इसे दुनिया भर में सांस्कृतिक आदान–प्रदान और जन–जन के जुड़ाव को बढ़ावा देने वाला एक प्रमुख माध्यम बताया। नालंदा विश्वविद्यालय अपने विविध अंतरराष्ट्रीय छात्र समुदाय के साथ सांस्कृतिक संबंधों का एक सशक्त उदाहरण है। नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने सांस्कृतिक संबंधों, शैक्षणिक



आदान–प्रदान और भारत के विकसित होते वैश्विक जुड़ाव के बीच बढ़ते अंतर्संबंधों पर विचार साझा किए। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की सहायता करने और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिवेश को मजबूत करने में आईसीसीआर द्वारा प्रदान की जाने वाली फेलोशिप की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने परिषद द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियों की सराहना करते हुए कहा कि इससे विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय स्वरूप को और बल मिला है। उन्होंने अपने श्नेट–जीरोश परिसर के माध्यम से स्थिरता के प्रति नालंदा की प्रतिबद्धता की ओर भी ध्यान आकर्षित किया और क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के साथ पासपोर्ट कैंप जैसे हालिया सहयोगी प्रयासों का उल्लेख किया। इसके साथ ही महानिदेशक ने विश्वविद्यालय के नेट–जीरो परिसर का अवलोकन किया तथा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता की।







# नालंदा में एलपीजी गैस की आपूर्ति सुचारू, जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त कारेवाई के निर्देश

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि तेल विपणन कंपनी के जिला नोडल पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और खपत के अनुरूप निर्बाध आपूर्ति जारी है। जिले की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर प्रतिदिन औसतन 9,224 घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभागीय नियमों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के भीतर रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला पदा. धिकारी ने संबंधित अधिकारियों को लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने और जिले के बैकलॉग 4.3 को घटाकर 2 से 3 के बीच लाने का निर्देश दिया है। जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि खरमास समाप्त होने के बाद वैवाहिक एवं अन्य कार्यक्रमों में बढ़ोतरी को देखते हुए वाणिज्यिक गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। जिन परिवारों में शादी या अन्य बड़े कार्यक्रम आयोजित होने हैं, वे संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन दे सकते हैं। आवेदन के साथ शादी का कार्ड संलग्न करना होगा और आवश्यक वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की संख्या एवं संभावित अतिथियों की संख्या का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। यह भी स्पष्ट किया गया कि उपलब्ध कराए गए वाणिज्यिक गैस सिलेंडर केवल संबंधित कार्यक्रम में ही उपयोग किए जाएंगे।इसके साथ ही जिला पदाधिकारी ने बताया कि जिले के बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र, राजगीर और सिलाव में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है। बिहारशरीफ के 6 वार्ड (21, 22, 23, 24, 25 एवं 44), सिलाव के 6 वार्ड (02, 04, 05, 06, 10 एवं 11) तथा राजगीर के 17 वार्डों में पाइपलाइन का कार्य पूरा हो चुका है। इन क्षेत्रों में अब तक लगभग 1,800 उपभोक्ताओं ने पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन किया है, जिनमें से करीब 1,500 लोगों को कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है, जबकि शेष 302 आवेदकों को जल्द ही कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। प्रतिदिन औसतन 10 नए आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। जिला पदाधिकारी ने इन क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से पीएनजी कनेक्शन लेने का आग्रह किया है, ताकि उन्हें महानगरों जैसी सुविधाएं मिल सकें और एलपीजी पर निर्भरता कम हो।

उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबर– 06112–233168) संचालित किया जा रहा है, जहां संपर्क कर लोग अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला पदा. धिकारी ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग की जानकारी मिलती है, तो इसकी सूचना तुरंत कंट्रोल रूम में दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में दोषी व्यक्ति या संस्थान के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# राजगीर में 13वीं सीनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चौंपियनशिप 2026 का आगाज, पहले दिन हाई–स्कोरिंग मुकाबलों की धूम

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नालंदा जिले के राजगीर स्थित खेल अकादमी में सोमवार को 13वीं सीनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चौंपियनशिप (पुरुष) 2026 का शानदार आगाज हुआ। पहले दिन ग्रुप स्टेज के मुका. बलों में खिलाड़ियों का जबरदस्त उत्साह, फिटनेस और आक्रामक खेल देखने को मिला। कई एकतरफा और हाई–स्कोरिंग मैचों के बीच टीमों ने नॉकआउट में जगह बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। दिन का सबसे बड़ा और प्रभावशाली प्रदर्शन महाराष्ट्र की टीम ने किया, जिसने अंडमान–निकोबार को 92–0 के विशाल अंतर से हराकर टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। मेजबान बिहार ने भी अपने घरेलू मैदान पर शानदार खेल दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वी टीम को 72–0 से पराजित किया। वहीं ओडिशा ने 73–0 और राजस्थान ने 70–0 से जीत दर्ज कर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।





**बंगाल और हरियाणा की दमदार शुरुआत**

पिछली बार की विजेता पश्चिम बंगाल ने भी अपने अभियान की धमाकेदार शुरुआत की। बंगाल ने पहले मैच में चंडीगढ़ को 49–7 से हराया, जबकि दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ को 66–0 से करारी शिकस्त दी। वहीं कई बार की चौंपियन हरियाणा टीम ने भी अपना दबदबा कायम रखते हुए उत्तर प्रदेश को 29–0 और मध्य प्रदेश को 47–0 से हराया।

**दिल्ली–कर्नाटक मुकाबले ने खींचा ध्यान**

पूल–1 में दिल्ली और कर्नाटक के बीच मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। पहले मैच में दिल्ली ने 10–0 से जीत दर्ज की, लेकिन दूसरे मैच में कर्नाटक ने वापसी करते हुए दिल्ली को 21–14 से हराकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। करीबी मुकाबलों में छत्तीसगढ़ ने चंडीगढ़ को 7–5 से और उत्तराखंड ने पंजाब को 10–5 से हराकर दर्शकों को रोमांचित किया।

**राजन रावत बने दिन के स्टार खिलाड़ी**

राजस्थान के खिलाड़ी राजन रावत पहले दिन के सबसे सफल खिलाड़ी रहे। उन्होंने छह ट्राई और 16 कन्वर्ज़न के साथ कुल 62 अंक हासिल कर स्कोरिंग चार्ट में शीर्ष स्थान पाया। बिहार के शुभम कुमार 37 अंकों के साथ दूसरे, जबकि पश्चिम बंगाल के सुमित कुमार रॉय 34 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। टीम स्कोरिंग में महाराष्ट्र 132 अंकों के साथ शीर्ष पर है।

**उद्घाटन समारोह में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी**

ग्रुप स्टेज मुकाबलों के बाद प्रतियोगिता का औपचा. रिक उद्घाटन किया गया। इस मौके पर नालंदा के विधायक एवं बिहार रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के चेयरमैन श्रवण कुमार तथा महासचिव पंकज कुमार ज्योति उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत. साहवर्धन करते हुए रग्बी खेल के बढ़ते आकर्षण की सराहना की।

**आज से नॉकआउट मुकाबले**

प्रतियोगिता अब अपने निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है। सोमवार देर शाम प्री–क्वार्टर फाइनल मुका. बले खेले जाएंगे, जबकि क्वार्टर फाइनल और फाइनल मैच मंगलवार को आयोजित होंगे। दर्शकों में आगामी मुकाबलों को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।




# नालंदा में प्रशासन का एक्शन मोड– अवैध कारोबार पर सख्ती सेवा सुधार और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश




**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय में जिला पदाधिकारी श्री कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के तकनीकी और गैर–तकनीकी पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में बिहार सरकार के सात निश्चय–3 के अंतर्गत 'सबका सम्मानदृजीवन आसान' योजना तथा मलमास मेला 2026 की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी सेवाओं में आसानी प्रदान करना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यालयों में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही 30 अप्रैल 2026 तक विशेष अभियान चलाकर अवैध खनन, अवैध परिवहन, पीडीएस दुकानों में अनियमितता, आरटीपीएस काउंटर, भू–माफिया, निबंधन कार्यालय एवं बिचौलियों के माध्यम से हो रहे भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**सेवा संवाद कार्यक्रम पर जोर**

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को सभी विभागों, अनुमंडलों, प्रखंडों, थानों और पंचायतों में सेवा संवाद एवं समाधान कार्यक्रम का नियमित आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान अधिकारी आम जनता से सम्मानपूर्वक मिलकर उनकी समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करें।

**लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश**

जन्म, मृत्यु, जाति, आय प्रमाण पत्र, भूमि विवाद, दाखिल–खारिज, पेंशन एवं अन्य जनहित से जुड़े मामलों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही जन सहयोग शिविरों के लिए तिथिवार रोस्टर तैयार करने और पंचायत स्तर पर पूर्व में ही आवेदन संग्रह की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।

**शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष फोकस**

जिलाधिकारी ने 'स्कूल चलो अभियान' के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में 6 वर्ष पूरे कर चुके सभी बच्चों का प्राथमिक विद्यालयों में शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। लगभग 16 हजार बच्चों के नामांकन के साथ उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तक उपलब्ध कराने की भी बात कही गई। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया कि अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन और एक्स–रे जैसी सभी जांच सुविधाएं पूरी तरह चालू रहें तथा खराब मशीनों को तुरंत ठीक कराया जाए। स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

**अगलगी और फसल क्षति पर सतर्कता**

गर्मी के मौसम को देखते हुए अग्निशमन दल को अलर्ट मोड में रखने और अगलगी की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिला कृषि पदाधिकारी को फसल क्षति का शीघ्र आकलन कर मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं विद्युत विभाग को शॉर्ट सर्किट से होने वाली आग की घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने जिलेभर में अतिक्रमण हटाने के लिए नियमित अभियान चलाने और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर वहां लाइटिंग एवं ज़ेब्रा क्रॉसिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही सड़क हादसों में मृतकों के परिजनों को शीघ्र मुआवजा दिलाने की बात कही। बैठक में नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## खेतों में कुट्टी जलाने से बचें, आग से हो सकता है बड़ा नुकसान– ज्योति कुमारी

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर अग्निशमन विभाग द्वारा आमजन को आग से बचाव के प्रति जागरूक करने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में राजगीर अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी ज्योति कुमारी के नेतृत्व में विभाग की टीम ने विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर छात्रों को अग्नि सुरक्षा के प्रति व्यवहारिक जानकारी दी। सोमवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मछलडीह तथा आदर्श मध्य विद्यालय, राजगीर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों के बीच मॉक ड्रिल का आयोजन कर आग लगने की स्थिति में बचाव और त्वरित प्रतिक्रिया के उपायों की जानकारी दी गई। बच्चों को आग बुझाने के प्राथमिक तरीके, सुरक्षित निकास और आपात स्थिति में संयम बनाए रखने के गुर सिखाए गए। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी ज्योति कुमारी ने कहा कि आग एक ऐसी आपदा है, जो पलक झपकते ही जान–माल दोनों को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए सतर्कता और सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने विशेष रूप से किसानों से अपील करते हुए कहा कि फसल कटाई के बाद खेतों में कुट्टी या अवशेष में आग नहीं लगाएं, क्योंकि इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है, बल्कि आग फैलकर बड़ी दुर्घटना का रूप भी ले सकती है।


उन्होंने आम लोगों को भी कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कहा कि बिजली के उपकरणों का उपयोग करने के बाद उन्हें बंद करना न भूलें और खराब तारों को समय पर बदलें। गैस सिलेंडर और चूल्हे का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतें। बीड़ी या सिगरेट जलाकर इधर–उधर न फेंकें, क्योंकि इससे भी आग लगने की आशंका बनी रहती है। ज्योति कुमारी ने यह भी कहा कि बच्चों और बुजुर्गों को आग से दूर रखें और घर में सुरक्षा के उपायों को अपनाएं। यदि कहीं आग लगने की घटना होती है, तो घबराने के बजाय तुरंत अग्निशमन विभाग के टोल फ्री नंबर 101 या आपातकालीन सेवा 112 पर सूचना दें, ताकि समय रहते सहायता पहुंचाई जा सके। इस जागरूकता अभियान के दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई और लोगों को सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के बाद छात्रों और शिक्षकों ने अग्नि सुरक्षा से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने सरल और व्यवहारिक तरीके से जवाब दिया।

# मछुआ समुदाय को मिला संबल– 17 लाभुकों को थ्री–व्हीलर वाहन वितरित

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में मछुआ समुदाय के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सोमवार को मुख्यमंत्री मछुआ कल्याण योजना के तहत चयनित लाभुकों के बीच थ्री–व्हीलर वाहनों का वितरण किया गया। जिला पदाधिकारी श्री कुंदन कुमार ने जिला मत्स्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में लाभुकों को वाहन की चाबी सौंपी। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना मछुआ समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कारगर साबित होगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत थ्री–व्हीलर वाहनों की खरीद पर बिहार सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है, जिससे लाभुकों को आजीविका के नए अवसर मिलेंगे। जिले में इस योजना के तहत कुल 20 लाभुकों का चयन किया गया है, जिनमें से 17 को वाहन वितरित कर दिए गए हैं। शेष तीन लाभुकों को भी जल्द ही वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे।



लाभान्वित होने वालों में थरथरी के नीतीश कुमार, कतरीसराय के अंबिका प्रसाद एवं ललित पासवान, सिलाव के मो. खालिद, राजगीर के मो. इकराम, बिहारशरीफ के जय केवट, रहुई के ब्रह्मदेव केवट, गिरियक के आनंदी केवट, हरनौत के संतोष कुमार, हिलसा के उपेंद्र कुमार, अस्थावां के धनेशर बिंद, सरमेरा के रामप्रवोध केवट, चंडी के अमरेंद्र कुमार निषाद, इस्लामपुर के अवधेश केवट, एकंगरसराय के अजित बिंद, नूरसराय की नमिता भारती एवं नगरनौसा के कमलेश कुमार शामिल हैं। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त, जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।






# नेहुसा में नल–जल योजना ठप ,15 दिनों से पानी की आपूर्ति बंद, ग्रामीण ने प्रशासन से समाधान की मांग की



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत प्रखंड अंतर्गत नेहुसा पंचायत के वार्ड संख्या 11 में सरकार की महत्वाकांक्षी नल–जल योजना इस भीषण गर्मी में विफल हो गई है। लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई जलमीनार और पाइपलाइन व्यवस्था के बावजूद, ग्रामीणों को पिछले पंद्रह दिनों से पानी नहीं मिल रहा है।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, मोटर में जल जाने के कारण जलापूर्ति पूर्णतः बंद है।कहा पीछले पांच माह पूर्व भी जला था।उन्होंने यह भी बताया कि इस पंप के माध्यम से गांव के तकरीबन तीन सौ घरों में पानी का सप्लाई दिया जाता है। जिसमें दो आंगनबाड़ी केंद्र भी सम्मिलित है ।इस समस्या के कारण लोग अन्य स्रोतों से पानी लाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि जलमीनार के ऊपर शुरू से( स्थापना ) ही पानी टंकी भी नहीं लगा है। जिससे पानी का प्रेशर भी कम रहता है। जिससे तकरीबन 70 घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता है। वहीं विरेंद्र कुमार,किरण देवी, सुमित कुमार, सावित्री देवी,देवेंद् प्रसाद, बल्केश्वर राम , महेश ठाकुर ,विद्यासागर राम, अजय राम , रूपा देवी,संटु कुमार सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या पर पीएचईडी विभाग के प्रशासन से समाधान की मांग सोमवार को की है। उन्होंने जल्द से जल्द योजना की जांच कर समाधान करने की अपील की है, ताकि उन्हें स्वच्छ पेयजल मिल सके। वहीं पंप ऑपरेटर सह वार्ड संख्या 11 के वार्ड सदस्य सनूज कुमार ठाकुर ने बताया कि मोटर सहित एमसी ,तार एवं सॉकेट जला हुआ है । जिससे पानी की आपूर्ति नहीं ठप है। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में पानी नहीं मिलने से ग्रामीणों का ताना भी सुनने को मिल रहा है । उन्होंने ने कहा कि पांच एचपी का मोटर लगा है।जो अज्ञात कारणों से बार–बार जल जाता है।वहीं इस मामले पर पीएचईडी विभाग के जेई सुप्रिया कुमारी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें शिकायत मिली है। फिलहाल मोटर जला हुआ है । उन्होंने बताया कि इसकी जांच कराई जाएगी और जल्द ही समस्या का समाधान कर ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति पहले कि तरह बहुत जल्द बहाल कर दी जाएगी।



# भाजपा पर महिला विरोधी होने का आरोप, राजद ने जारी किया बयान

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिला प्रवक्ता दीपक कुमार ने एक बयान जारी कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा पांच राज्यों के चुनाव को ध्यान में रखते हुए महिला संबंधित बिल का राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है। दीपक कुमार ने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार यह कहते रहे हैं कि गांव की अंतिम पंक्ति में खड़ी महिलाओं को देश के सर्वा. ेच्च सदन तक पहुंचाने के लिए उनकी पार्टी प्रतिबद्ध है। उन्होंने दावा किया कि राजद ने हमेशा महिलाओं को सम्मान और अवसर देने का कार्य किया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आजादी के बाद बिहार में पहली बार राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाने का श्रेय राजद को जाता है। इसके अलावा कांति सिंह को केंद्र में मंत्री बनाया गया, समाज के निचले तबके से आने वाली भगवती देवी को लोकसभा भेजा गया, वहीं बिहार विधान परिषद में अनुसूचित जाति की मुन्नी रजक और अत्यंत पिछड़ा वर्ग की उर्मिला ठाकुर को स्थान दिया गया। दीपक कुमार ने कहा कि राजद हमेशा महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए खड़ी रही है और आगे भी तेजस्वी यादव के नेतृत्व में यह लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बिल "नारी शक्ति वंदन" नहीं, बल्कि "मोदी सत्ता वंदन" है।

# नवनिर्मित मंदिर में बजरंगबली जी की मूर्ति में हुई प्राण प्रतिष्ठा



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत प्रखंड के मुढ़ारी गांव स्थित फोरलेन सड़क किनारे चल रहे श्री श्री 108 श्री बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा एवं अखंड कीर्तन समारोह अनुष्ठान में सोमवार को नवनिर्मित मंदिर में स्थापित बजरंगबली जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करायी गयी। आचार्य अरविंद पांडेय द्वारा मुख्य यजमान सुगंबर यादव,नंदू यादव,जीतेद्र यादव आदि को पूजा–अर्चना करायी गयी।आयोजन समिति में शामिल लोगों ने बताया कि आज मंगलवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन विधिः विधान के साथ शुरू होगा। जबकि कल बुधवार को अखंड कीर्तन का समापन एवं पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का भी समापन हो जायेगा। उन्होंने कहा कि यहां वर्ष 1999ई. से बजरंगबली जी मूर्ति स्थापित था।जो फोरलेन सड़क अपग्रेड के दौरान तोड़ी गई थी। पुनः लाखों रुपए की लागत से नवनिर्मित मंदिर बनाई गई।इसके बाद गया जिले के पत्थर कट्टी से पांच फीट प्रतिमा मंगवाई कर स्थापित की गई। वहीं अनुष्ठान में शामिल आचार्य अरविंद पांडेय,पं रामचंद्र पांडेय, पं सीताराम पांडेय, पं राधेश्याम पांडेय एवं पं प्रिंश पांडेय ने बताया कि शनिवार को कल्श शोभा यात्रा, रविवार को मंड़प पूजन,नगर भ्रमण, जलाधिवास फलाधिवास अन्नधिशवास आदि अनुष्ठान किया गया। जबकि सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा एवं मुख्य जजमान समेत अन्य श्रद्धालुओं के द्वारा 108 वार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जबकि में शाम बजरंगबली जी की आरती पुजन हुई। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा का अर्थ है प्राण शक्ति की स्थापना या देवता को जीवंत स्थापित करना। कहा जब किसी प्रतिमा में एक बार प्राण प्रतिष्ठा हो जाती है, तो वह प्रतिमा एक देवता में बदल जाते है। मौके पर इस धार्मिक अनुष्ठान में सिंघे यादव,सोनु, नितिश,लनीन,कमलेश, बब्लू, पप्पु, गुड्डु,सुनील, मनीष आदि ग्रामीण शामिल थे।

# नालंदा में निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप: मरीज की मौत के बाद परिजनों का हंगामा



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक निजी अस्पताल में मरीज की मौत के बाद सा. ेमवार सुबह परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लाप. रवाही और गलत इंजेक्शन देने के कारण मरीज की जान गई है। मृतक की पहचान वेना थाना क्षेत्र के बेला गांव निवासी स्वर्गीय सोभी चौहान के 45 वर्षीय पुत्र बाल बृंद नोनिया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बाल बृंद नोनिया के पैर में एक वर्ष पूर्व रॉड डाली गई थी, जिसे निकलवाने के लिए वे 16 अप्रैल को सिद्धि विनायक अस्पताल पहुंचे थे। डॉक्टरों ने जांच के बाद 17 अप्रैल को ऑपरेशन की तिथि निर्धारित की। मृतक के पुत्र बबलू कुमार के मुताबिक, शाम करीब 5 बजे उनके पिता को ऑपरेशन थिएटर (OT) में ले जाया गया। कुछ देर बाद ही परिजनों को अंदर बुलाया गया, जहां मरीज के मुंह में पाइप लगा हुआ था और उन्हें कृत्रिम सांस दी जा रही थी। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन शुरू होने से पहले ही एक इंजेक्शन देने के बाद मरीज की हालत अचानक बिगड़ गई। मृतक के संबंधी टिंकू चौहान ने कहा कि मरीज पूरी तरह स्वस्थ हालत में अस्पताल आया था, लेकिन एक गलत इंजेक्शन ने उसकी जान ले ली।परिजनों का यह भी कहना है कि घटना के बाद डॉक्टर अस्पताल से फरार हो गए और पूरा जिम्मा स्टाफ पर छोड़ दिया गया। आरोप है कि अपनी गलती छिपाने के लिए अस्पताल प्रशासन ने पिछले दो दिनों से दवा और वेंटिलेटर का शुल्क माफ कर दिया और परिजनों को दिलासा देता रहा। सोमवार सुबह जैसे ही मरीज की मौत की पुष्टि हुई, परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही दीपनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि परिजनों की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की गहन जांच की जा रही है। साथ ही वरीय अधिकारियों से भी मार्गदर्शन लिया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया है। मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल, अस्पताल प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। पुलिस फरार डॉक्टर की तलाश और मामले की वैधानिक जांच में जुटी हुई है।

हर पल, हमारी खबर
केशववाणी
बिहार का नंबर 1 अखबार
अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120
9931609015
केशववाणी में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान और नई दिशा

# बिहारशरीफ में 'हनी हेयर पोर्ट सैलून एंड अकादमी' का भव्य उद्घाटन, आधुनिक सुविधाओं के साथ मिलेगी ब्यूटी और ट्रेनिंग सेवा




**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ शहर के कारगिल चौक के समीप 'हनी हेयर पोर्ट सैलून एंड अकादमी' का भव्य शुभारंभ हर्षोल्लास के बीच किया गया। उद्घाटन समारोह में स्थानीय गणमान्य लोग, व्यवसायी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और लोगों ने नए सैलून के खुलने पर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर सैलून की संचालिका मधु कंचन ने बताया कि 'हनी हेयर पोर्ट' में महिलाओं और पुरुषोंकृदोनों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ सभी प्रकार की ब्यूटी और हेयर केयर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि यहां ग्राहकों को स्किन केयर, हेयर स्टाइलिंग, मेकअप, ब्राइडल मेकओवर, हेयर ट्रीटमेंट समेत ब्यूटी पार्लर से जुड़ी हर तरह की सुविधा एक ही छत के नीचे मिलेगी। मधु कंचन ने आगे बताया कि यह केवल सैलून ही नहीं, बल्कि एक अकादमी भी है, जहां ब्यूटी और हेयर से जुड़े विभिन्न कोर्स कराए जाएंगे। इससे खासकर युवाओं और युवतियों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित और अनुभवी स्टाफ के माध्यम से यहां उच्च गुणवत्ता की सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

उद्घाटन के मौके पर ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष ऑफर की भी घोषणा की गई। मधु कंचन ने बताया कि फिलहाल सैलून में आने वाले ग्राहकों को सभी सेवाओं पर 20 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है, जिससे लोग बेहतर सेवाओं का लाभ किफायती दरों पर उठा सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने सैलून की आधुनिक व्यवस्था, साफ–सफाई और प्रोफेशनल सेटअप की सराहना की।उन्होंने उम्मीद जताई कि 'हनी हेयर पोर्ट सैलून एंड अकादमी' आने वाले समय में शहर में ब्यूटी और ट्रेनिंग के क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल करेगा। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब उन्हें बेहतर ब्यूटी सेवाओं और प्रोफेशनल ट्रेनिंग के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।



# नालंदा में दर्दनाक सड़क हादसा: तेज रफ्तार बस की टक्कर से कारोबारी की मौत

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** नालंदा जिले के सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत आशा नगर 17 नंबर के समीप रविवार की शाम एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार एक अधेड़ कारोबारी की मौत हो गई। यह हादसा एनएच – 20 (बख्तियारपुर –रजौली फोरलेन) पर उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार और अनियंत्रित सरकारी बस ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बस के पहियों में जा फंस गई और उस पर सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तुरंत बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के जमालीचक गांव निवासी बृजनंदन साव के 45 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार के रूप में हुई है। वह वर्तमान में सोहसराय में किराए के मकान में अपने परिवार के साथ रहते थे और कपड़े का व्यवसाय करते थे।घटना के संबंध में मृतक के मामा श्रवण कुमार ने बताया कि अजीत कुमार रविवार को तगादा के सिलसिले में छबीलापुर गए हुए थे। वहां से लौटकर जब वे अपनी दुकान जा रहे थे, तभी सड़क पार करने के दौरान पटना से बिहार शरीफ की ओर आ रही तेज रफ्तार सरकारी बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में परिजनों के बीच चीख–पुकार मच गई। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक बेटा, दो बेटियां और मां सहित भरा–पूरा परिवार छोड़ गए हैं। घटना के बाद मौके पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई और आक्रोशित लोगों ने सरकारी बस में जमकर तोड़फोड़ की। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया, जबकि बस में सवार यात्री भी वाहन छोड़कर अपने–अपने गंतव्य की ओर चले गए। सूचना मिलते ही सो. हसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बस को जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। परिजनों से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस बस नंबर के आधार पर फरार चालक की पहचान करने में जुटी है।

# नालंदा में दिल दहला देने वाली घटना – नशे में धुत पति ने पत्नी की पीट–पीटकर हत्या की



**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बेन (नालंदा)।** नालंदा जिले के बेन थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलदरियापुर गांव से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां एक सनकी पति ने नशे की हालत में अपनी ही पत्नी की बेरहमी से पीट–पीटकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान लालू बिंद की 30 वर्षीय पत्नी सोनमंती देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। घटना के संबंध में मृतका के पुत्र कृष कुमार और भाई मुकेश ने बताया कि आरोपी लालू बिंद गांजे का आदी है और कोई काम–धंधा नहीं करता था। घर में 25 अप्रैल को उसकी बहन की बारात आने वाली थी, जिसके लिए तैयारियां चल रही थीं। बताया जाता है कि मृतका सोनमंती देवी सास के कहने पर पूजा करने गई थीं। पूजा कर घर लौटते ही नशे में धुत पति लालू बिंद ने अचानक उस पर हमला कर दिया। जान बचाने के लिए वह भागकर पड़ोसी के घर में छिप गई, लेकिन आरोपी वहां भी पहुंच गया और लोढ़ा व लोटा से ताबड़तोड़ हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर हालत में परिजनों ने उन्हें तत्काल परवलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। मृतका अपने पीछे दो बेटे और दो बेटियां छोड़ गई हैं, जिनके सामने अब जीवन–यापन की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही बेन थानाध्यक्ष रवि राज ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नालंदा में हर्ष फायरिंग बनी मौत का कारण: युवक की गोली लगने से मौत, शादी से पहले छाया मातम



**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बेन (नालंदा)।** नालंदा जिले के बिंद थाना क्षेत्र अंतर्गत अमावां गांव में एक शादी समारोह की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सरमेरा थाना क्षेत्र के गौसनगर गांव निवासी उपेंद्र प्रसाद के 21 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब छोटू कुमार अपने दोस्त मंटू कुमार के घर तिलक समारोह में शामिल होने गया था। समारोह में नाच–गाने का माहौल था और लोग जश्न मना रहे थे। इसी दौरान छोटू छत पर चला गया, जहां अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। जब परिजन और अन्य लोग ऊपर पहुंचे, तो देखा कि छोटू खून से लथपथ जमीन पर पड़ा हुआ है। आनन–फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि उसके अपने ही देसी कट्टे से गोली मिसफायर हो गई, जो सीधे उसके पेट में जा लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, छोटू कुमार दिल्ली में मजदूरी करता था और करीब 10 दिन पहले ही अपनी शादी के सिल. सिले में गांव आया था। 20 अप्रैल को बिंद थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव से उसका तिलक आने वाला था, जबकि 27 अप्रैल को उसकी बारात जानी थी। वह लव मैरिज करने वाला था। मृतक के चचेरे भाई सूरज ने बताया कि छोटू अपने दोस्त के तिलक समारोह में शामिल होने गया था, जहां यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना के संबंध में बिंद थाना अध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि युवक की मौत उसके खुद के हथियार से चली गोली के कारण हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि मृतक का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पहले भी हथियार रखने और लूटपाट के मामलों में जेल जा चुका था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से सभी लोग फरार बताए जा रहे हैं। एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं और अवैध हथियार की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। इस घटना के बाद जहां एक ओर घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहीं अब पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।







